**Set-1**

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग

संचयी / अर्धवार्षिक परीक्षा **2023-24**

कक्षा – **11** वीं

विषय हिन्दी आधार (कोड **302**)

पूर्णांक – **80** समय – **3** घंटे

सामान्य निर्देश –

**1.** इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं अ और ब में कुल प्रश्न **15** हैं |

**2.** खंड अ में कुल **45** बहुविकल्पी प्रश्न हैं जिनमे से **40** प्रश्नों के उत्तर देना है |

**3.** निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

**4.** यथासंभव क्रम से प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें |

खंड अ - वस्तुपरक प्रश्न

प्रश्न 1 – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तरों का चयन करें | 10 अंक

(प्रत्येक 01 अंक – कुल अंक 10 )

परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है । जीवन में सफलता पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है । कहा भी गया है - उद्योगी को सब कुछ मिलता है और भाग्यवादी को कुछ भी नहीं मिलता, अवसर उनके हाथ से निकल जाता है। कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम भाग्य है । प्रकृति को ही देखिए; सारे जड़ चेतन अपने काम में लगे रहते हैं, चींटी को पल भर चैन नहीं, मधुमक्खी जाने कितनी लंबी यात्रा कर बूँद- बूँद मधु जुटाती है । मुर्गे को सुबह बाँग लगानी होती है, फिर मनुष्य को बुद्धि और विवेक मिला है वह सिर्फ सफलता की कामना करता क्यों बैठा रहे ? विश्व में जो देश आगे बढ़े हैं उनकी सफलता का रहस्य कठिन परिश्रम ही है । जापान को दूसरे विश्वयुद्ध में मिट्टी में मिला दिया गया था । उसकी अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी लेकिन दिन-रात परिश्रम करके आज वह विश्व का प्रमुख औद्योगिक और विकसित देश बन गया है । चीन भी अपने परिश्रम के बल पर आगे बढ़ा है । जर्मनी ने भी युद्ध की विभीषिका झेली पर परिश्रम के बल पर ही संभल गया । परिश्रम का महत्व वे जानते हैं जो स्वयं अपने बल पर आगे बढ़े हैं । संसार के इतिहास में अनेक चमकते सितारे केवल परिश्रम के ही प्रमाण हैं । हमारे पूर्व राष्ट्रपति श्री अब्दुल कलाम परिश्रम और मनोबल से ही देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए उनका कहना था- “भाग्य के भरोसे बैठने वाले को उतना ही मिलता है जितना मेहनत करने वाले छोड़ देते हैं”। हमारे बड़े-बड़े धनकुबेर व्यापारी टाटा, बिरला, अंबानी यह सब परिश्रम के ही उदाहरण हैं | निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प हमारे लक्ष्य को हमारे करीब लाता है । गरीब परिश्रम करके अमीर हो जाता है और अमीर शिथिल बनकर असफल हो जाता है। भारतीय कृषक के परिश्रम का ही फल है कि देश में हरित क्रांति हुई । अमेरिका के सड़े गेहूँ से पेट भरने वाला भारत आज मजबूर नहीं, बल्कि मजबूती से खड़ा है तो इसके पीछे कठोर परिश्रम और धैर्य ही हैं । हमारे कारखाने दिन रात उत्पादन कर रहे हैं, विकासशील देशों में पिछड़े माने जाने वाले हम भारतवासी

आज विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अगर हम कहीं पिछड़े हैं तो उसका कारण परिश्रम का अभाव ही होगा। परिश्रम के बिना जीवन में कुछ नहीं मिलता | किसी ने सही कहा है- सकल पदारथ हैं जग माहीं, कर्महीन नर पावत नाहीं | यदि विद्यार्थी जीवन से ही परिश्रम की आदत पड़ जाएगी तो हम जीवन में कभी असफल नहीं हो सकते। विद्यार्थी जीवन तो परिश्रम की पहली पाठशाला है | यदि विद्यार्थी जीवन से ही परिश्रम की आदत पड़ जाएगी तो न सिर्फ हमारी शिक्षा बल्कि हमारा भविष्य भी सुरक्षित और मजबूत हो जाता है।

(I) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा –
(क) भाग्य बलवान होता है (ख) आलसी जीवन (ग) परिश्रम का महत्व (घ) इनमें से कोई नहीं

(II) जीवन में सफलता पाने का सबसे बड़ा माध्यम क्या है?
(क) पैसा (ख) विद्वत्ता (ग) चालाकी
(घ) पुरुषार्थ

(III) जापान, जर्मनी, चीन जैसे देश विपरीत परिस्थितियों से बाहर कैसे निकले?
(क) युद्ध से (ख) व्यापार से (ग) विदेश नीति से
(घ) परिश्रम से

(IV) हमारे लक्ष्य को हमारे करीब कौन लाता है?
(क) परिश्रम और दृढसंकल्प (ख) पैसा और शिक्षा (ग) सिर्फ पैसा
(घ) राजनीति

(V) आज हमारा देश बड़े-बड़े देशों के सामने किस रूपमें खड़ा है?
(क) याचक के रूप में (ख) प्रतिस्पर्धी के रूप में (ग) शत्रु के रूप में
(घ) इनमें से कोई नहीं

(VI) परिश्रम की पहली पाठशाला कहाँ मिलती है?
(क) जन्म से (ख) घर में (ग) विद्यार्थी जीवन में
(घ) नौकरी करने पर

(VII) हमारे किसानों के परिश्रम से देश में कौन सी क्रांति आयी?
(क) हरित क्रांति (ख) श्वेत क्रांति (ग) लाल क्रांति (घ) सभी सही हैं

(VIII) निम्नलिखित में से कौन सी पंक्ति पुरुषार्थ या परिश्रम के महत्व पर सटीक बैठती है?
(क) करम गति टारे नाहीं टरे (ख) पुरुष बली नहीं होता है समय होत बलवान

(ग) सबके दाता राम (घ) सकल पदारथ है जग माहीं, कर्महीन नर पावत नाहीं

(IX) इनमें से कौन सा शब्द 'विभीषिका' का समानार्थी होगा-
(क) दुष्प्रभाव (ख) त्रासदी (ग) हानि (घ) कोई नहीं

(X) 'परिश्रम' शब्द में उपसर्ग है-
(क) पर (ख) परा (ग) परि (घ) परी

प्रश्न 2 निम्नालिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से सर्वाधित उपयुक्त उत्तरों का चयन करें | 05 अंक

(प्रत्येक 01 अंक – कुल अंक 05)

नवीन कंठ दो कि मैं नवीन गान गा सकूं,
स्वतंत्र देश की नवीन आरती सजा सकूं।
नवीन दृष्टि का नया विधान आज हो रहा,
नवीन आसमान में विहान आज हो रहा,
खुली दसों दिशाएं खुले कपाट ज्योति द्वार के
विमुक्त राष्ट्र सूर्य भासमान आज हो रहा ।
युगांत की व्यथा लिए अतीत आज रो रहा।
दिगंत में वसंत का भविष्य बीज बो रहा,
कुलीन जो उसे नहीं गुमान या गरूर है,
समर्थ शक्ति पूर्ण जो किसान या मजूर है।
भविष्य द्वार मुक्त से स्वतंत्र भाव से चलो,
मनुष्य बन मनुष्य से गले मिले चले चलो,
समान भाव के प्रकाशवान सूर्य के तले
समान रूप गंध फूल फूल से खिले चलो।
सुदीर्घ क्रांति झेल खेल की ज्वलंत आग से
स्वदेश बल संजो रहा कड़ी थकान खो रहा।
प्रबुद्ध राष्ट्र की नवीन वंदना सुना सकूं
नवीन बीन दो कि मैं अगीत गान गा सकूं
नए समाज के लिए नवीन नींव पड़ चुकी
नए मकान के लिए नवीन ईंट गढ़ चुकी
सभी कुटुंब एक कौन पास कौन दूर है
नए समाज का हर एक व्यक्ति एक नूर है।

1. कवि नई आवाज की आवश्यकता क्यों महसूस कर रहा है?
(क) ताकि वह स्वतंत्र देश के लिए नए गीत गा सके (ख) ताकि वह नई आरती सजा सके
(ग) ताकि वह लोगों के अंदर नई जागरूकता ला सके (घ) उपर्युक्त सभी

2. नए समाज का हर एक व्यक्ति एक नूर है – पंक्ति में नूर का अर्थ बताइए |
(क) नूरमहल है (ख) हीरा है (ग) चंद्रमा है (घ) प्रकाश के गुणों से युक्त हैं

3. कवि मनुष्य को क्या परामर्श देता है?
(क) आजादी के बाद हमें मिलकर आगे बढ़ना है (ख) सूर्य व फूलों के समान समानता का भाव अपनाना है
(ग) एक नए समाज की रचना करनी है (घ) उपर्युक्त सभी

4. कवि के अनुसार कुलीन की क्या विशेषता है?
(क) जो घमंड नहीं दिखाता है (ख) जो धनी हो
(ग) जो देश की आजादी में योगदान दें (ग) इनमें से कोई नहीं

5. मनुष्य बन मनुष्य से गले मिलो चले चलो- पंक्ति का अर्थ है
(क) आगे बढ़ना (ख) गले मिलना
(ग) समाज को आगे बढ़ाना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

अथवा

आज की शाम
जो बाजार जा रहे हैं
उनसे मेरा अनुरोध है
एक छोटा सा अनुरोध
क्यों न ऐसा हो आज की शाम
हम अपने थैले और डोलचियाँ
रख दें एक तरफ
और सीधे धान की मंजरियों तक चलें
चावल जरूरी है
जरूरी आटा दाल नमक पुदीना
पर क्यों न ऐसा हो की आज शाम
हम सीधे वहीँ पहुंचे
एकदम वहीँ
जहाँ चावल
दाना बनने से पहले
सुगंध की पीड़ा से छटपटा रहा हो
उचित यही होगा
हम शुरू से ही
आमने-सामने बिना दुभाषिए के
सीधे उस सुगंध से
बातचीत करें
यह रक्त के लिए अच्छा है
अच्छा है भूख के लिए

नींद के लिए
कैसा रहे
बाजार न आए बीच में ।

(i) प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या अनुरोध कर रहा है ?
(1) बाजार में जाने का
(2) बाजार से वस्तुएं खरीदने का
(3) सीधे किसान से वस्तुएं खरीदने का
(4) बाजार के जल में न फंसने का

(ii) कवि सीधे कहाँ पहुँचने को कह रहा है ?
(1) दुकानों पर
(2) सडकों पर
(3) किसान के खेतों पर
(4) गाँव के घरों पर

(iii) चावल दाना पहले किस पीड़ा से छटपटाता है ?
(1) दयनीय
(2) असामाजजिक
(3) दुर्गन्ध
(4) सुगंध

(iv) कवि के अनुसार क्या उचित होगा ?
(1) सीधे उत्पादक से संपर्क करना
(2) स्वयं उत्पादक बनना
(3) बिचौलियों से संपर्क करना
(4) बातचीत करना

(v) 'बाजार न आए बीच में' पंक्ति का क्या आशय है ?
(1) कभी बाजार न जाना
(2) बाजार जाना पर कुछ खरीद कर न लाना
(3) ग्राहक और उत्पादक के बीच बाजार का न आना
(4) सीधे उत्पादक से संपर्क करना

प्रश्न 3 – निम्नलिखित प्रश्नों को पढकर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए | 05 अंक

(प्रत्येक 01 अंक – कुल अंक 05 )

(i) निम्नलखित में से कौन सा कार्य जनसंचार का नही है ?
(1) सूचना देना
(2) शिक्षित करना
(3) मनोरंजन करना

(4) संगीत सिखाना

(ii) भारत के प्रथम प्रकाशित हिन्दी समाचार पत्र के बारे में क्या सत्य है ?
(1) उदन्त मार्तंड नाम से 1826 ई. में कोलकाता से प्रकाशित
(2) उदन्त मार्तंड नाम से 1780 ई. में कोलकाता से प्रकाशित
(3) हिक्की बंगाल गज़ट नाम से 1826 ई. में कोलकाता से प्रकाशित
(4) हिक्की बंगाल गज़ट नाम से 1780 ई. में कोलकाता से प्रकाशित

(iii) भारत में विधिवत टेलीविज़न सेवा की शुरुआत हुई थी –
(1) 15 अगस्त 1956 ई को
(2) 26 जनवरी 1965 ई को
(3) 15 अगस्त 1965 ई को
(4) 26 जनवरी 1956 ई को

(iv) जनसंचार का सबसे प्रचलित और पुराना माध्यम है –
(1) समाचार पत्र
(2) प्रिंटिंग प्रेस
(3) रेडियो
(4) सिनेमा

(v) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ स्थापित था ?
(1) दिल्ली 1833
(2) दिल्ली 1622
(3) गोआ 1556
(4) गोआ 1850

प्रश्न 4 – निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में उपयुक्त विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिए | 05 अंक
(प्रत्येक 01 अंक – कुल अंक 05 )

हम तो एक एक करि जांनाँ
दोई कहें तिनही को दोजग, जिन नाहिंन पहिचाना
एकै पवन एक ही पानी एकै जोति समानां ||
एकै ख़ाक गढ़े सब भांडे एकै कोंहरा सांनां |
जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटे अगिनि न काटे कोई |
सब घटि अंतर तूंही ब्यापक धरै सरूपे सोई |
माया देखि जगत लुभाना काहे रे नर गरबाना |
निरभै भया कछू नहीं ब्यापै कहे कबीर दीवानां | |

(i) किसको पहचानने की बात की गई है ?
(1) ईश्वर को
(2) आत्म तत्व को

(3) परमात्मा को
(4) उपरोक्त सभी

(ii) बाढ़ी शब्द से तात्पर्य है ?
(1) बढ़ना
(2) बढ़ई
(3) आग
(4) लकड़ी

(iii) 'जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटे अगिनि न कार्ट कोई|' का आशय है
(1) बढ़ई काठ (लकड़ी) को काट सकता है, पर आग को नहीं काट सकता
(2) आत्मा (ईश्वर का रूप) अजर-अमर, सर्वव्यापक है
(3) ईश्वर घट-घट में व्याप्त है |
(4) उपरोक्त सभी |

(iv) 'हम तो एक एक करि जाना' से तात्पर्य है –
(1) कबीर ने परमात्मा को सृष्टि के कण-कण में देखा है
(2) एक एक करके सभी ईश्वर भिन्न हैं
(3) सब धर्मों में ईश्वर की व्याप्ति अपने धर्म के लिए है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

(v) दीवानां किसको कहा गया है ?
(1) कबीर को
(2) आत्मा को
(3) परमात्मा को
(4) बाढ़ी को

प्रश्न 5 - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में उपयुक्त विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिए | 05 अंक (प्रत्येक 01 अंक – कुल अंक 05 )

साहबों, उस दिन अपन मटियामहल की तरफ से न गुजर जाते तो राजनीति, साहित्य और कला के हज़ारो–हज़ार मसीहों के धूम-धडक्के में नानबाइयों के मसीहा मियाँ नसीरुद्दीन को कैसे पहचानते और कैसे लुत्फ़ उठाते उनके मसीही अंदाज का !

हुआ यह कि एक दुपहरी हम जामा मस्जिद के आडे पडे मटियामहल के गढैया मुहल्ले की ओर निकल गए । एक निहायत मामूली अँधेरी सी दुकान में पटापट आते का ढेर सनते देख कर ठिठके । सोचा, सेवइयों की तैयारी होगी, पर पूछने पर मालूम हुआ कि खानदानी नानबाई मियाँ नसीरुद्दीन की दुकान पर खडे हैं । मियाँ मशहूर हैं छप्पन प्रकार की रोटियाँ बनाने के लिए |

(i) गद्यांश में किस मसीहा के बारे में बताया गया है ?

(1) नानबाइयों के
(2) राजनीति के
(3) साहित्य और कला के
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) किसके मसीही अंदाज़ का लुत्फ़ उठाने की बात की गई है ?
(1) मियाँ नसीरुद्दीन के
(2) जामा मस्जिद के
(3) लेखिका के
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) लेखिका ने क्या अनुमान किया था ?
(1) किसी प्रसिद्द दुकान के होने का
(2) खानदानी दुकान होने का
(3) ईद के लिए सेवइयों की तैयारी का
(4) उपरोक्त सभी

(iv) लेखिका किस तरफ से गुजर रही थी ?
(1) नानबाइयों के मोहल्ले से
(2) नवाबों के बावर्चीखाने की तरफ से
(3) जामा मस्जिद के पास गढ़ैया वाले मोहल्ले से
(4) उपरोक्त सभी

(v) मियाँ किसलिए मशहूर हैं ?
(1) छप्पन प्रकार की रोटियाँ बनाने के लिए
(2) अपनी ज्यादा उम्र के कारण
(3) तालीम के बारे में अपने विचारों के कारण
(4) बादशाह के यहाँ कम करने के कारण

प्रश्न 6 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त विकल्प का चयन करते हुए दीजिए | 10 अंक

(प्रत्येक 01 अंक – कुल अंक 10 )

(i) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर' पाठ के लेखक हैं
(1) कुमार विश्वास
(2) कुमार गन्धर्व
(3) अनुपम मिश्र
(4) बेबी हालदार

(ii) लता से पहले की किस गायिका का जिक्र लेखक ने किया है ?
(1) नूरजहाँ

(2) उषा मंगेशकर
(3) आशा भोंषले
(4) उषा मुद्गल

(iii) कौन सा कथन असत्य है ?
(1) चित्रपट संगीत के कारण सुन्दर स्वर मालिकाएं लोगों के कानों पर पड रही हैं |
(2) लता के गानों का मुख्य मर्म गानपन ही है |
(3) संगीत की लोकप्रियता में लता का कोई स्थान नहीं है |
(4) सभी असत्य है |

(iv) लता की लोकप्रियता का रहस्य है ?
(1) गानपन
(2) स्वरों की निर्मलता
(3) नादमय उच्चार
(4) उपरोक्त सभी

(v) लय कितने प्रकार की होती है ?
(1) 3
(2) 4
(3) 5
(4) 7

(vi) कुईं की विशेषता है ?
(1) यह एक बहुत छोटा सा कुआं है
(2) गहराई में कुँए के सामान किन्तु चौड़ाई में कम
(3) इसमे भूजल प्राप्त नहीं होता
(4) उपरोक्त सभी

(vii) कुईं किन क्षेत्रों में बनाई जाती है ?
(1) पूरे दक्षिण भारत में
(2) पूरे राजस्थान में सभी जगह
(3) केवल उन स्थानों में जहाँ खडिया पट्टी की परत होती है |
(4) उपरोक्त सभी

(viii) चेलावांजी होते हैं –
(1) कुईं बनाने वाले कारीगर
(2) कुँईं का प्रयोग करने वाले
(3) कुँईं पर नियंत्रण रखने वाले ग्रामीण
(4) उपरोक्त सभी

(ix) पालर पानी किसे कहते है ?
(1) सीधे बरसात से मिलने वाला जल
(2) कुँओं से प्राप्त जल
(3) क और ख दोनों
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

(x) खींप के बारे में क्या सत्य है ?
(1) एक प्रकार की घास
(2) इसका प्रयोग कुंई की चिनाई में किया जाता है
(3) इससे रस्सी बनाई जाती है
(4) उपरोक्त सभी

## खण्ड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 7 - दिए गए चार विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक आलेख लिखिए |

05 अंक

(1) विश्वासपात्र मित्र जीवन की औषधि
(2) स्वच्छता की आवश्यकता
(3) मातृभूमि के प्रति हमारे कर्तव्य और दायित्व
(4) मेरे जीवन की अविस्मरणीय घटना

प्रश्न 8 – अपने शहर के रेलवे स्टेशन सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता से अवगत कराते हुए महाप्रबंधक, रेल सेवा उत्तर मध्य रेलवे को एक शिकायती पत्र लिखिए | 05 अंक

अथवा

अपने शहर में निरंतर विद्युत कटौती से होने वाली समस्या और अध्ययन के बाधित होने का हवाला देते हुए मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी को एक पत्र लिखकर शीघ्रातिशीघ्र सुधार हेतु अनुरोध कीजिए |

प्रश्न 9 - निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | 04 अंक

(प्रत्येक 02 अंक – कुल अंक 04)

(क) डायरी लेखन से आप क्या समझते है उदहारण सहित समझाइए |
(ख) आज आपने पहली बार वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया हो |
(ग) पटकथा की संरचना कैसे होती है?

प्रश्न 10 - निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए | 03 अंक

(1) एक अच्छे स्ववृत में क्या क्या विशेषताएं होती है ?

अथवा

(2) शब्द कोष क्या है ? इसका क्या महत्त्व है?

प्रश्न 11 - निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए | 06 अंक

(प्रत्येक 03 अंक – कुल अंक 06)

(1) घर की याद कविता में कवि द्वारा अभिव्यक्त मार्मिक भावों को अपने शब्दों में लिखिए |
(2) कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?
(3) दुष्यंत कुमार की 'ग़ज़ल' का मिजाज़ बदलाव के पक्ष में हैं | इस कथन पर विचार करें |

प्रश्न 12 - निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए | 04 अंक

(प्रत्येक 02 अंक – कुल अंक 04)

(1) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं और वह रूप कैसा है ?
(2) ईश्वर एक है इसके समर्थन में कबीर ने क्या तर्क दिए हैं ?
(3) चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ते पर बजर गिरे |

प्रश्न 13 - निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | 06 अंक

(प्रत्येक 03 अंक – कुल अंक 06)

(1) शिवशंभु की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? विदाई संभाषण पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए |
(2) 'गलता लोहा' कहानी के उस प्रसंग का उल्लेख करें जिसमें किताबों की विद्या और घन चलाने की विद्या का जिक्र आया है |
(3) 'नमक का दारोगा' कहानी से क्या शिक्षा मिलाती है ? इस कहानी के विभिन्न पात्रों के बारे में अपनी राय व्यक्त कीजिए |

प्रश्न 14 - निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए | 04 अंक

(प्रत्येक 02 अंक – कुल अंक 04)

(1) वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है ?
(2) 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग के दौरान आने वाली किन कठिनाइयों का जिक्र लेखक ने किया है
(3) मियाँ नसीरुद्दीन की विशेषताएं बताइए |

प्रश्न 15- किसी एक प्रश्न का उत्तर दो 03 अंक

(1) कुमार गन्धर्व ने लता मंगेशकर को बेजोड़ गायिका क्यों कहा?
(2) राजस्थान में कुंई का मुँहछोटा क्यों रखा जाता है?